
Result Mitra
दैनिक जागरण
The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE
दैनिक भास्कर
Daily
THE HINDU
जनसत्ता
CURRENT
AFFAIRS
IAS/PCS
अब होगी करंट अफेयर्स की राह आसान
10 January

# Quote of the Day

Result Mitra

मंजिल उन्हीं को मिलती है
जिनके सपनों में जान होती है,
पंख से कुछ नहीं होता
हौसलों से उड़ान होती है

# राजघाट पर बनेगा प्रणव मुखर्जी स्मारक

2019

2012-2017

President



Result Mitra

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

- केंद्र सरकार ने दिल्ली के राजघाट स्थित 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने की मंजूरी दी है।
- इस निर्णय के लिए उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी अनुरोध के यह सम्मान दिया गया, जो उनके लिए अत्यंत भावुक करने वाला है।



# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

- प्रणब मुखर्जी 2012 से 2017 तक भारत के 13वें राष्ट्रपति रहे और 2019 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।
- इस स्मारक के निर्माण से पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की स्मृति को सम्मानित किया जाएगा और यह आगामी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

- शहरी और आवास मंत्रालय के आदेश के अनुसार, 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर के भीतर एक निर्धारित स्थल पर प्रणब मुखर्जी की समाधि स्थापित की जाएगी।
- शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि उनके पिता हमेशा मानते थे कि राजकीय सम्मान मांगा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे प्रदान किया जाना चाहिए।

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra™

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

| | |
|---|---|
| जन्म | 11 दिसम्बर 1935, मिराती, बंगाल प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश भारत (वर्तमान बीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल, भारत)। |
| मौत | 31 अगस्त 2020 |
| आयु | 84 वर्ष |

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

| | |
|---|---|
| पेशा | भारतीय राजनीतिज्ञ |
| के लिए जाना जाता है | भारत के 13वें राष्ट्रपति |

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक



## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

| | |
|---|---|
| राजनीतिक दल | ➢ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1969-1986, 1989-2012) |
| | ➢ राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस (1986-1989) |
| अभिभावक | ➢ कामदा किंकर मुखर्जी (पिता) |
| | ➢ राजलक्ष्मी मुखर्जी (माता) |

Daily Current Affairs

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

| | |
|---|---|
| पत्नी | सुर्वा मुखर्जी |
| बच्चे | 1. इंद्रजीत मुखर्जी |
| | 1. अभिजीत मुखर्जी |
| | 1. शर्मिष्ठा मुखर्जी |

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

| | |
|---|---|
| पुरस्कार | भारत रत्न (2019) |
| | पद्म विभूषण (2008) |

2019

Result Mitra

## भारत में प्रसिद्ध स्मारक और स्थान हैं:

### ताजमहल

- आगरा में बना यह स्मारक प्रेम का प्रतीक है.

### इंडिया गेट

- दिल्ली के राजपथ मार्ग पर बना यह स्मारक 1921 में बना था.

### लाल किला

- पुरानी दिल्ली में बना यह स्मारक 1638 से 1648 के बीच बना था.

## भारत में प्रसिद्ध स्मारक और स्थान हैं:

### आगरा का किला

- उत्तर प्रदेश के आगरा में बना यह किला 11वीं शताब्दी का है.

### अजंता और एलोरा की गुफाएं

- महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित ये गुफाएं प्रसिद्ध हैं.

### सूर्य मंदिर

- ओडिशा के कोणार्क में बना यह मंदिर प्रसिद्ध है.

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

## भारत में प्रसिद्ध स्मारक और स्थान हैं:

### हम्पी

- कर्नाटक का एक ऐतिहासिक गांव है. यहां कई मंदिर परिसर हैं जो विजयनगर साम्राज्य के समय के हैं.

### हवा महल

- 18वीं शताब्दी की शुरुआत में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था. यह मुगल और हिंदू वास्तुकला का मिश्रण है.

# राजघाट पर बनेगा प्रणब मुखर्जी स्मारक

Result Mitra

## भारत में प्रसिद्ध स्मारक और स्थान हैं:

### हरमंदिर साहिब

- पंजाब के अमृतसर में बना यह गुरुद्वारा सिखों के लिए सबसे पवित्र तीर्थ स्थान है. इसे स्वर्ण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है.

असीरगढ़ का किला

अकबर का अंतिम विजय अभियान

मध्यप्रदेश का सबसे दक्षिणतम जिला है

(1) ताज महल → यह आगरा के यमुना नदी के दक्षिणी तट पर स्थित है

सफेद संगमरमर से निर्मित

लाहौर

(1983 में UNESCO में शामिल)

वास्तुकार – अब्दुल अहमद लाहौरी

सम्राट – शाहजहाँ द्वारा निर्मित

मुमताज महल के लिए निर्मित

बुरहानपुर

पहली बार बनाया गया था

केलों का शहर

2024 → वन उत्पाद

वन प्रोडक्ट – केले का

काला ताजमहल

## लाल किला

- लाल बलुआ पत्थर निर्मित
- मुगल सम्राट शाहजहाँ के द्वारा 17 वीं शताब्दी में निर्मित करवाया गया था।
- 1983 – (UNESCO की सूची में शामिल)

## हवा महल — जयपुर ⇒ पिंक सिटी

- 18वीं शताब्दी में राजा सवाई प्रताप सिंह ने करवाया था।

जामा मस्जिद (नई दिल्ली)

- भारत की सबसे बड़ी मस्जिद
- शाहजहाँ (17वीं शताब्दी)

कुतुब मीनार (दिल्ली)

- 73 मीटर ऊँचा विजय स्तंभ
- 12वीं शताब्दी में दिल्ली के प्रसिद्ध सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक ने इसे बनवाया था।

## अजंता की गुफाएं

- औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
- चट्टानों को काटकर 30 बौद्ध मंदिरों में तब्दील किया गया है
- बीबी का मकबरा है — किसने है
  कब ?
- दूसरी शताब्दी से सातवीं शताब्दी के बीच में
- 1983 – इसको भी UNESCO की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था

## एलोरा की गुफाएं

- औरंगाबाद के 34 चट्टानों को काटकर इन गुफा समूहों का निर्माण किया गया।
- इनका निर्माण — 6वीं – 10वीं शताब्दी के बीच किया गया।
- हिन्दू बौद्ध और जैन धर्म की गुफाएं निर्मित की गई हैं।
- 1983 में इसे को UNESCO विश्व धरोहर में शामिल किया गया।

- हम्पी (कर्नाटक)
  - कर्नाटक में स्थित है
  - 14वीं–16वीं शताब्दी में निर्मित
  - विजयनगर साम्राज्य की राजधानी

- कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा)
  - 13वीं शताब्दी का एक हिन्दू मंदिर
  - सूर्य देवता को समर्पित

→ इस मंदिर को (1984) में UNESCO की धरोहर सूची में शामिल किया गया था

(2-3) → Dec → भोपाल गैस त्रासदी

महाबलीपुरम - (तमिलनाडु)

→ 7-वी 9वी शताब्दी के बीच पल्लव शासन के दौरान एक प्रमुख बंदरगाह था।

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

Result Mitra

प्रश्न: निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. केंद्र सरकार ने दिल्ली के राजघाट स्थित 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने की मंजूरी दी है।

2. प्रणब मुखर्जी को 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

3. ताजमहल आगरा में स्थित है और इसे प्रेम का प्रतीक माना जाता है।

4. भारत में हम्पी कर्नाटक का एक ऐतिहासिक गांव है, जो विजयनगर साम्राज्य के समय के मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।

सही विकल्प का चयन करें:

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 2, 3 और 4

(c) केवल 2, 3 और 4

(d) केवल 1 और 4

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान




Result Mitra

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान

Result Mitra™

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 8.2% वृद्धि दर से कम है।



# क्षेत्रीय प्रदर्शन:

- कृषि और संबद्ध क्षेत्र: 2024-25 में 3.8% की वृद्धि का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह वृद्धि 1.4% थी।
- निर्माण क्षेत्र: 8.6% की वृद्धि की उम्मीद है, जो बुनियादी ढांचा विकास में मजबूत गतिविधि को दर्शाता है।
- वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं: 7.3% की वृद्धि का अनुमान है, जो इन क्षेत्रों में सतत मांग को दर्शाता है।



# खपत व्यय:

- निजी अंतिम खपत व्यय (PFCE): वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 7.3% बढ़ने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 4% वृद्धि से अधिक है, और यह उपभोक्ता खर्च में मजबूती का संकेत देता है।
- सरकारी अंतिम खपत व्यय (GFCE): 4.1% की वृद्धि का अनुमान है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 2.5% से अधिक है।




Result Mitra

# खपत व्यय:

- हालांकि विकास दर में कमी आई है, भारत प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा, जबकि चीन की वृद्धि दर 5% से नीचे रहने की संभावना है।



# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)

- यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत आता है.
- NSO, सीएसओ और एनएसएसओ के साथ मिलकर मुख्य मंत्रालय का अहम हिस्सा है.
- NSO का नेतृत्व सचिव सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन करते हैं.
- NSO, सांख्यिकी के क्षेत्र में काम करता है.

# भारत सरकार के कुछ और सांख्यिकी से जुड़े संगठनः

Result Mitra

## राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)

- इसकी स्थापना साल 2005 में हुई थी.
- इसका मकसद सांख्यिकीय मामलों में नीतियां बनाना, प्राथमिकताएं तय करना, और मानक तय करना है.
- इसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं.

NSC

Result Mitra

# भारत सरकार के कुछ और सांख्यिकी से जुड़े संगठनः

## केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO)

- यह मंत्रालय, देश में सांख्यिकीय प्रणाली के विकास के लिए नोडल एजेंसी है. यह सांख्यिकों से जुड़े मानदंड और मानक तय करता है.



# भारत सरकार के कुछ और सांख्यिकी से जुड़े संगठनः

## राष्ट्रीय पतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO)

- यह भारत का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने वाला सबसे बड़ा संगठन है. इसकी स्थापना साल 1950 में हुई थी.

Result Mitra

# सकल घरेलू उत्पाद (GDP)




- सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) किसी देश में एक निश्चित समय में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापता है. यह आर्थिक गतिविधि का सबसे ज़्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला माप है
- जीडीपी, किसी देश की आर्थिक सेहत का एक प्रमुख संकेतक है.




Result Mitra

# सकल घरेलू उत्पाद (GDP)




- जीडीपी की गणना आम तौर पर सालाना की जाती है, लेकिन कभी-कभी तिमाही आधार पर भी की जाती है.
- जीडीपी की गणना में निजी और सार्वजनिक खपत, निवेश, सरकारी खर्च, इन्वेंटरी खरीद, निर्माण लागत, और विदेशी व्यापार बैलेंस को ध्यान में रखा जाता है.
- जीडीपी से देश के आर्थिक प्रदर्शन का पता चलता है.
- जीडीपी बढ़ने का मतलब है कि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है.




Result Mitra

# सकल घरेलू उत्पाद (GDP)




- जीडीपी से देशों के बीच आर्थिक विकास की तुलना की जा सकती है.
- जीडीपी से जीवन मानकों का भी पता चलता है.
- जीडीपी की पहली बुनियादी अवधारणा का आविष्कार 18वीं सदी के अंत में हुआ था.
- आधुनिक अवधारणा को अमेरिकी अर्थशास्त्री साइमन कुजनेट ने 1934 में विकसित किया था.




Result Mitra

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

Result Mitra

प्रश्न: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) और भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) का नेतृत्व सचिव सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वियन करते हैं।
2. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत की GDP वृद्धि दर 8.2% रहने का अनुमान है।
3. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी देश की आर्थिक सेहत का एक प्रमुख संकेतक है।

सही विकल्प का चयन करें:

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 3

Result Mitra

# रैबिट फीवर



# रैबिट फीवर



- रैबिट फीवर, जिसे ट्यूलरेमिया भी कहा जाता है, एक दुर्लभ लेकिन गंभीर संक्रामक रोग है, जो फ्रांसिसेला ट्यूलरेन्सिस बैक्टीरिया के कारण होता है।
- यह बैक्टीरिया मुख्य रूप से जंगली जानवरों, विशेषकर खरगोशों, चूहों और अन्य छोटे स्तनधारियों में पाया जाता है, लेकिन यह मनुष्यों में भी संक्रमण फैला सकता है।



# रैबिट फीवर

## संक्रमण के स्त्रोत:

- संक्रमित जानवरों के संपर्क से: संक्रमित जानवरों को छूने, उनके काटने या खरोंचने से।
- कीटों के काटने से: संक्रमित टिक, मच्छर या मक्खियों के काटने से।
- प्रदूषित पानी या भोजन के सेवन से: संक्रमित पानी पीने या भोजन करने से।



# रैबिट फीवर

## लक्षण:

रैबिट फीवर के लक्षण संक्रमण के मार्ग पर निर्भर करते हैं, लेकिन सामान्यतः इनमें शामिल हैं:

- उच्च बुखार
- त्वचा पर घाव या अल्सर
- लिम्फ नोड्स की सूजन
- गले में खराश
- सांस लेने में कठिनाई
- थकान और कमजोरी



Result Mitra

# रैबिट फीवर

## उपचार:

- ट्यूलरेमिया का उपचार एंटीबायोटिक्स से संभव है, लेकिन समय पर निदान और उपचार आवश्यक है। यदि समय पर इलाज न हो, तो यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है।



Result Mitra™

# रैबिट फीवर

## बचाव के उपाय:

- संक्रमित क्षेत्रों में कीटों से बचाव के लिए उचित कपड़े पहनें और कीटनाशक का उपयोग करें।
- जंगली जानवरों के सीधे संपर्क से बचें।
- साफ और सुरक्षित पानी और भोजन का सेवन करें।



# रैबिट फीवर

## हाल की स्थिति:

- अमेरिका में रैबिट फीवर के मामलों में वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले दशक में इस बीमारी के मामलों में 56% की वृद्धि हुई है।
- भारत में इस बीमारी के मामले दुर्लभ हैं, लेकिन जागरूकता और सतर्कता आवश्यक है।



# CURRENT AFFAIRS QUIZ

Result Mitra

प्रश्न: रैबिट फीवर (ट्यूलरेमिया) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. रैबिट फीवर एक संक्रामक रोग है, जो फ्रांसिसेला ट्यूलरेन्सिस बैक्टीरिया के कारण होता है।

2. यह बीमारी केवल संक्रमित पानी और भोजन के माध्यम से फैलती है।

3. रैबिट फीवर का इलाज एंटीबायोटिक्स के माध्यम से संभव है।

सही विकल्प का चयन करें:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1, 2 और 3

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल



Result Mitra

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

- कैलिफ़ोर्निया के लॉस एंजिल्स क्षेत्र में हाल ही में भयंकर जंगल की आग के कारण आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तेज हवाओं और शुष्क परिस्थितियों के चलते आग ने तेजी से फैलकर व्यापक विनाश किया है।



# लॉस एंजिल्स में आपातकाल



## मुख्य घटनाएँ:

### आग का प्रसार:

- 7 जनवरी 2025 को लॉस एंजिल्स के उत्तर-पूर्व में एक प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्र के पास आग लगी, जिसने 2,000 एकड़ से अधिक भूमि को प्रभावित किया। लोग इस आपदा में कम से कम 5 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि एक हजार से अधिक घर नष्ट हो गए हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

## मुख्य घटनाएँ:

### हॉलीवुड सितारों का पलायन:

- आग के खतरे के चलते हॉलीवुड के कई प्रसिद्ध सितारे, जैसे जेमी ली कर्टिस, मार्क हैमिल, मैंडी मूर, और जेम्स वुड्स, अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल



## मुख्य घटनाएँ:

### आपातकाल की घोषणा:

- कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूज़म ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपातकाल की घोषणा की है और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया है।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

## मुख्य घटनाएँ:

### संघीय सहायता:

- राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गवर्नर न्यूज़म के अनुरोध पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए लॉस एंजिल्स में जारी आग से निपटने के लिए एक प्रमुख आपदा घोषणा को मंजूरी दी है, जिससे संघीय सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

## सुरक्षा उपाय:

- **निकासी आदेशों का पालन करें:** अधिकारियों द्वारा जारी निकासी आदेशों का तुरंत पालन करें और सुरक्षित स्थानों पर जाएं।
- **आपातकालीन अलर्ट सिस्टम:** लॉस एंजिल्स शहर के आपातकालीन अलर्ट सिस्टम, NotifyLA, के माध्यम से ताज़ा जानकारी प्राप्त करें।
- **सुरक्षा संसाधन:** लॉस एंजिल्स इमरजेंसी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की वेबसाइट पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

## सुरक्षा उपाय:

- स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय निवासियों और आगंतुकों को सलाह दी जाती है कि वे अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

लॉस एंजेलेस (Los Angeles) हॉलीवुड (Hollywood) के लिए दुनिया भर में मशहूर है। यह अमेरिकी फिल्म उद्योग का केंद्र है, जिसे "एंटरटेनमेंट कैपिटल ऑफ़ द वर्ल्ड" भी कहा जाता है।

## हॉलीवुड की खासियतों मे शामिल हैं:

- 1. हॉलीवुड साइन (Hollywood Sign): यह पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध प्रतीक है, जो हॉलीवुड का पहचान चिन्ह बन चुका है।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल



## हॉलीवुड की खासियतों में शामिल हैं:

- 2. हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम (Hollywood Walk of Fame): यहां सड़कों पर प्रसिद्ध कलाकारों के नाम वाले स्टार्स लगे हैं। यह जगह दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करती है।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

## हॉलीवुड की खासियतों में शामिल हैं:

- 3. टीसीएल चाइनीज थिएटर (TCL Chinese Theatre): एक ऐतिहासिक सिनेमाघर जहां रेड कार्पेट प्रीमियर और अन्य इवेंट्स होते हैं।
- 4. डॉल्बी थिएटर (Dolby Theatre): जहां हर साल ऑस्कर अवॉर्ड्स (Academy Awards) आयोजित होते हैं।

# लॉस एंजिल्स में आपातकाल

Result Mitra

## हॉलीवुड की खासियतों में शामिल हैं:

- 5. यूनिवर्सल स्टूडियोज़ हॉलीवुड (Universal Studios Hollywood): एक थीम पार्क और फिल्म स्टूडियो, जो दूर और रोमांचक राइड्स के लिए प्रसिद्ध है।
- 6. ग्रिफ़िथ ऑब्ज़र्वेटरी और ग्रिफ़िथ पार्क (Griffith Observatory & Park): यहां से हॉलीवुड साइन और पूरे लॉस एंजेलेस शहर का शानदार नज़ारा देखा जा सकता है।

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

Result Mitra

प्रश्न: लॉस एंजेल्स क्षेत्र में हाल ही में हुई जंगल की आग और हॉलीवुड के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. लॉस एंजेल्स क्षेत्र में लगी जंगल की आग के कारण 2,000 एकड़ से अधिक भूमि प्रभावित हुई है।
2. हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम, टीसीएल चाइनीज थिएटर और डॉल्बी थिएटर लॉस एंजेल्स में स्थित प्रमुख स्थल हैं।
3. यूनिवर्सल स्टूडियोज़ हॉलीवुड सिर्फ एक फिल्म स्टूडियो है और इसमें कोई थीम पार्क नहीं है।

सही विकल्प का चयन करें:

(a) केवल 1 और 2

b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 1, 2 और 3

# सड़क दुर्घटना में घायल को 1.5 लाख का मुफ्त इलाज-सड़क दुर्घटना कारण और प्रयास




Result Mitra

# सड़क दुर्घटना में घायल को 1.5 लाख का मुफ्त इलाज- सड़क दुर्घटना कारण और प्रयास

Result Mitra

- भारत सरकार सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और निःशुल्क चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना लागू कर रही है।
- इस योजना के तहत, सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों को प्रति दुर्घटना प्रति व्यक्ति अधिकतम ₹1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा।



## योजना के मुख्य बिंदुः

- **लागू क्षेत्रः** यह योजना सभी प्रकार की सड़कों पर मोटर वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं पर लागू होगी।
- **प्रमुख एजेंसियाँः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA), पुलिस, अस्पताल, और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियाँ मिलकर इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करेंगी। कार्यक्रम को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (eDAR) एप्लिकेशन और NHA की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

## योजना के मुख्य बिंदु:

**लाभार्थी:**

- सड़क दुर्घटना में घायल कोई भी व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सकता है, चाहे वह किसी भी राज्य या क्षेत्र का निवासी हो।

## सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण:

- **यातायात नियमों का उल्लंघन:** ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में गाड़ी चलाना, और लाल बत्ती की अनदेखी प्रमुख कारण हैं।
- **सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना:** हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से गंभीर चोटें और मौतें होती हैं।
- **वाहन चालकों की थकान:** लंबे समय तक वाहन चलाने से चालक की थकान बढ़ती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है।

## सरकार के प्रयास:

- **कानूनी प्रवर्तन:** मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर कठोर प्रावधान लागू किए गए हैं।
- **सड़क सुरक्षा अभियानों का संचालन:** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियानों का संचालन किया जा रहा है।

## सरकार के प्रयासः

- **आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का विस्तारः** दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए आपातकालीन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

इन प्रयासों के बावजूद, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो चिंता का विषय है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए ज़िम्मेदार है:

- एनएचए की स्थापना राष्ट्रीय स्तर पर पीएम-जेएवाई को लागू करने के लिए की गई थी.
- एनएचए, रणनीति तैयार करने, तकनीकी बुनियादी ढांचा बनाने, और एबी-पीएमजेएवाई के कार्यान्वयन की भूमिका निभाता है.

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)

- एनएचए, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में गठित किया गया है.
- एनएचए, AB PM-JAY नीतियों का निर्माण, परिचालन दिशा-निर्देशों का विकास, कार्यान्वयन तंत्र, राज्य सरकारों के साथ समन्वय, AB PM-JAY की निगरानी और नियंत्रण का काम करता है.

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)

- राज्यों में, गैर एसईसीसी लाभार्थियों तक कवरेज बढ़ाने सहित इस योजना के कार्यान्वयन के लिए, सोसायटी/ट्रस्ट के रूप में राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों (एसएचए) की स्थापना की गई है.

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

Result Mitra

प्रश्न: भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने की नई योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह योजना केवल राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू होती है।
2. इस योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल किसी भी व्यक्ति को ₹1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा।
3. योजना का कार्यान्वयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।

सही विकल्प का चयन करें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

# Thank You

Result Mitra™